तापमान
अधिकतम 34.2
न्यूनतम 32.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, रविवार, 3 मार्च 2024

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4 भारी वाहनों का रास्ता बदलने की मांग...



## खबर संक्षेप

### लिंक कोर्ट खोलने की घोषणा का स्वागत

**पत्थलगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्थलगांव में लिंक कोर्ट खोलने की घोषणा का भाजपा के जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने मुख्यमंत्री का आभार माना भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पत्थलगांव में लिंक कोर्ट खोलने की घोषणा करने पर उनका आभार माना सुनील अग्रवाल ने कहा कि पत्थलगांव के लोगो को जिला जशपूर जाने पर समय और पैसा खर्च होता था जो अब पत्थलगांव में लिंक कोर्ट खुल जाने से बचेगा अब आसानी से यहां काम हो सकेगा 100,किलोमीटर जाना नही पड़ेगा ये मांग वर्षो पुराना था पत्थलगांव की विधायक गोमती साय ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर लिंक कोर्ट की मांग की थी जिसे हमारे मुख्यमंत्री ने समझा और इसकी घोषणा भी कर दी जिससे क्षेत्र वासियों को काफी फायदा मिलेगा



### अजा व अजजा विद्यार्थियों की प्रवेश परीक्षा 10 को

**सूरजपुर।** पं. जवाहर लाल नेहरू विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत राज्य के उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित अशासकीय विद्यालयों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 8वीं में प्रवेश दिलाया जाना है। योजना अंतर्गत प्रवेश परीक्षा का आयोजन 10 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र-शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर में आयोजित है। परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र संबंधित विकास खण्ड शिक्षा कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। त्रुटिवश या अन्य किसी कारण से यदि किसी छात्र-छात्रा को प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं हो पाता है तो वे अपने समस्त दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ परीक्षा केन्द्र में 1 घंटे पूर्व पहुंचकर केन्द्राध्यक्ष से संपर्क कर प्रवेश पत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

### दुकान का ताला तोड़कर सामान व नकदी चोरी

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस चौकी के ग्राम जुडवानी में अज्ञात चोरों ने किराना दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे लैपटाप व एक लाख से अधिक का किराना समान पार कर दिया। दुकान संचालक हेमंत वैष्णव की रिपोर्ट पर लटोरी पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380 का अपराध दर्ज किया है।पुलिस ने बताया कि घटना 28 फरवरी के मध्यरात्रि की है।

### एक रात में पुलिस ने वसूला 1.33 लाख का जुर्माना

**अंबिकापुर।** एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार के नेतृत्व में सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख़्ती से कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को एसपी के निर्देश पर 2 राजपत्रित पुलिस अधिकारियो के नेतृत्व मे सम्पूर्ण शहर कों 2 सेक्टरो मे विभाजित कर कुल 10 पॉइंट मे पुलिस अधिकारियो -कर्मचारियों को तैनात किया गया था। नगर के चौपाटी, पंजाब गार्डन, साई मंदिर तिराहा, बंगाली चौक, गांधी चौक, बिलासपुर चौक, भारत माता चौक, सदभावना चौक, देव होटल तिराहा, बस स्टैंड चौक पर देर रात तक जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान तीन सवारी वाहन चालकों, मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहन एवं मोबाइल फोन पर बात कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर सख़्ती से कार्यवाही करते हुए कुल 213 प्रकरण दर्ज कर 1 लाख 33 हजार रुपए समन शुल्क वसूल किया गया हैं। पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान पश्चात शहर के प्रमुख एवं संवेदनशील छेत्रो मे पैदल मार्च कर असामाजिक तत्वों कों सख्त चेतावनी दी गई। असामाजिक तत्वों कों अनैतिक गतिविधियों मे शामिल होना पाये जाने पर सख़्ती के साथ वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## पत्थलगांव में लिंक कोर्ट प्रारंभ करने की घोषणा

# 12 मार्च को भुगतान की जाएगी धान के अंतर की राशि: साय




कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री।



मुख्यमंत्री को घी से तौला यादव समाज ने।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

12 मार्च को किसानों को धान के अंतर की राशि लगभग 13 हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड के ग्राम तामामुंडा में स्थित गिरी गोवर्धन धाम के सार्वजनिक सांस्कृतिक मंडप सहित अखिल भारतीय महाकुल (यादव) समाज लोकार्पण समारोह में शामिल होने के दौरान कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पत्थलगांव में लिंक कोर्ट प्रारंभ करने की घोषणा भी की।

उन्होंने गिरी गोवर्धन पर्वत के सुगम सीसी मार्ग निर्माण के लिए 32 लाख रुपए, फरसाबहार में सांस्कृतिक मंडप के लिए 10 लाख रुपए, शिवमन्दिर से कासाटोली 12 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा,कि आज आप लोगों ने जो स्वागत किया है उसे मैं हमेशा याद रखूंगा। मेरा अनेक जगह स्वागत फलों से, धान से, लड्डुओं, मिठाई आदि से वजन कर किया गया है। मेरे पूरे राजनैतिक जीवन में पहली बार स्वागत घी से तौल कर किया गया। इसके लिए मैं पूरे यदुकुल समाज का आभारी रहूंगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हमने ढाई महीने के अल्पकाल में छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर ले जाने का कार्य किया है। हमने 18 लाख लाख प्रधान मंत्री आवास स्वीकृत किए। जो युद्ध स्तर में बनना प्रारंभ हो गया है। हमने माताओं को महतारी वंदन योजना से आर्थिक रूप से सशक्त करने का प्रयास कर रहे है। इस साल हमने रिकार्ड धान की खरीदी की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि आने वाले 15 दिनों में तेंदुपत्ता की खरीदी समर्थन मूल्य में हो जाएगी। साथ ही तेंदुपत्ता संग्राहको के लिए चरण पादुका एवं बच्चो के लिए छात्रवृत्ति प्रारंभ की जाएगी। हमने मोदी के गारंटी के तहत कार्य करते हुए लोगों के सपने को साकार करने का कार्य कर रहे है। इस साल बजट में जशपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार पर फोकस किए है। जिसमें कुनकुरी में 220 बेड के सर्व सुविधा युक्त हॉस्पिटल का निर्माण किया जाएगा। जिसका कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होने वाला है। इसके साथ ही हमने जिले में 4 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत किए है। जिसका सीधा लाभ निश्चित ही क्षेत्र के जनता को मिलेगा। ⏭ शेष पेज 4 पर



## महिला दिवस पर महतारी वंदन योजना की राशि खाते में आएगी

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर जिले के मनोरा विकासखंड के डांड टोली में आयोजित आदिवासी वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आदिवासी वार्षिक सम्मेलन में लिया भाग

मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा,कि आपने जिस विश्वास से भाजपा को जिताकर सरकार बनाया है मैं विश्वाश दिलाता हूं,कि हम आपके विश्वास में खरे उतरेंगे। हमने जो भी वादा किया है उसे हर हाल में पूरा करेंगे क्योंकि ये मोदी की गारंटी है। हमारी कोशिश है,कि 8 मार्च को महिला दिवस के पहले छत्तीसगढ़ को 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के पहले महीने की राशि उनके खाते में डाल ⏭ शेष पेज 4 पर

**क्या-क्या घोषणा की गई:** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंच से घोषणा की,कि आदिवासी समुदाय के लिए सामुदायिक भवन बनाने 30 लाख रुपए दिए जाएंगे। मनोरा में कॉलेज तो है पर बिल्डिंग नहीं है, कॉलेज के लिए बिल्डिंग निर्माण कराने की भी घोषणा की। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को और बेहतर ढंग से विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंच से अपील की,कि नौजवान पढ़ाई पर विशेष ध्यान दे क्योंकि जीवन में विकास का एकमात्र सही रास्ता ज्ञान अर्जित करना ही है। उन्होंने कहा,कि मैं नौजवानों से अपील करूंगा,कि नशे से बचें क्योंकि किसी भी प्रकार का नशा समाज को गर्त में ले जाता है। नशे से बचे और समाज निर्माण में अपना योगदान दें। समारोह में जशपुर विधायक रायमुनी भगत, पत्थलगांव विधायक गोमती साय, राज्य सभा सांसद भूपेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष के सुनील गुप्ता, उमेश प्रधान, विक्रमादित्य सिंह जुदेव, यशप्रताप सिंह जुदेव, विजय आदित्य सिंह जुदेव, शौर्य प्रताप सिंह जुदेव के साथ साथ भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता हजारों की संख्या में उपस्थित थे।

## घरेलू हिंसा से रोकथाम के लिए महिलाओं को किया गया जागरूक

**कांसाबेल।** शुक्रवार को जीवन झरना विकास संस्था द्वारा ग्राम स्तर के 105 महिला लीडरों को शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं घरेलू हिंसा रोकथाम पर जागरूक करने हेतु एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत मेंडरबहार में किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ महिलाओं द्वारा वहां उपस्थित अधिकारियों का स्वागत फूल गुच्छों से किया गया।



महिलाओं को जानकारी देती संचालिका।

जीवन झरना विकास संस्था की संचालिका सिस्टर एनी द्वारा संस्था के कार्यों का संक्षिप्त परिचय देते हुए वर्तमान में हो रहे सच्ची घटनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि हमारे साथ हो रहे अपराध को हमें सहन नहीं करना है हमें उसके खिलाफ आवाज उठाना है हमारे अन्दर जो चुप्पी है उसको तोड़ना है तभी हमारे साथ होने वाले अपराध रुकेगा इसीलिए हम सभी को जागरूक रहना है। तत्पश्चात श्रम विभाग जशपुर के अधिकारी जीडी प्रसाद के द्वारा अपने विभाग से मिलने वाली योजनाओं को विस्ताररूप से जानकारी दिये जिसमें सभी महिलाओं के द्वारा श्रम विभाग में पंजीयन कराने का निर्णय लिये उसके बाद महिला प्रकोष्ट जशपुर के अधिकारी प्रशन्न सिंह सर जी के द्वारा महिलाओं को अभिव्यक्ति ऐप के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि महिला हिंसा होने पर आप सभी इस ऐप के माध्यम से आप अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं इसमें आपकी जानकारी को गोपनीय रख कर उचित कार्यवाही की जाएगी तो एक महिला ने खुद अपने साथ हो रहे हिंसा के बारे में जानकारी देने पर सर के द्वारा महिला को न्याय दिलाने के लिए आश्वासन दिया गया। उसके बाद महिला एवं बाल विकास परियोजना ⏭ शेष पेज 4 पर

### आत्म निर्भर बनने महिलाओं ने लिया संकल्प

जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल के द्वारा विकासखंड पत्थलगांव जिला जशपुर छत्तीसगढ़ के महिला लीडरों को शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं बाल अपराध घरेलू हिंसा रोकथाम पर जागरूक करने हेतु एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन बागबहार के सामुदायिक भवन परहाटोली में किया गया था। जिसमें महिला प्रकोष्ठ जशपुर से अरुणा, प्रसन्न, जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल की संचालिका सिस्टर एनी एवम स्टॉफ, श्रम विभाग जशपुर से जीडी प्रसाद एवं स्टाफ थाना बागबाहर से राजकुमारी पैंकरा पुनामती भगत एनआरएलएम से पीआरपी अनिता कुशवाहा, एवं पत्थलगांव ब्लॉक के अनेक पंचायत से 90 महिलाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल के ब्लॉक समन्वयक प्रतिमा शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को गति देते हुए जीवन ⏭ शेष पेज 4 पर

## पत्नी से झगड़ा हुआ, शराबी पति ने जहर खुरानी के बाद बेटे को दिया जहर, बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पत्नी से झगड़ा करने के बाद शराबी पति ने खुद तो जहर खा लिया और अपने तीन वर्ष के मासूम बेटे को भी जहर दे दिया। जहर खुरानी से गंभीर पिता पुत्र को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान बच्चे की मौत हो गई जबकि पिता की हालत गंभीर है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम किया गया है और घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर के पीपरसोत गिरतिमा निवासी सहन राम चेरवा पत्नी सोहरी भाई, 3 वर्षीय पुत्र सुशील उर्फ अंशु व डेढ़ वर्षीय पुत्री के साथ रहता है। युवक शराब पीने का आदि है 28 फरवरी को भी सहन राम शराब के नशे में घर पहुंचा इस दौरान उसने शराब के नशे में पत्नी से विवाद करना शुरू कर दिया और उसे जबरन अपने मायके भेज रहा था। जब महिला ने मायके जाने से मना किया तो सहन राम ने डंडा लेकर पत्नी को मारने के लिए दौड़ा ऐसे में डरकर महिला अपने डेढ़ वर्ष की बच्ची को लेकर पड़ोस में रहने वाले सहनंद के घर चली गई। महिला के अनुसार कुछ समय बाद महिला की बहन घुनीया बाई ने आकर बताया कि तुम्हारे पति ने जहर पी लिया है और बच्चे को भी जहर पीला रहा है। इस बात की जानकारी लगने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। जब तक महिला ग्रामीणों के साथ घर पहुंची तब तक उसने बच्चे सुशील को भी जहर पीला दिया था व बच्चा उल्टियां कर रहा था जिससे कीटनाशक की गंध आ रही थी। आनन फानन में पिता पुत्र को उपचार के लिए बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से दोनों को 29 फरवरी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया था।



### की जाएगी जांच

बलरामपुर जिले से पिता पुत्र को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहर खुरानी से बच्चे की मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम किया गया है और घटना की जांच की जाएगी।

-पुपलेश कुमार, एएसपी

## कलेक्टर ने बालिका-बाल गृह का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी, दिए आवश्यक निर्देश

कलेक्टर विलास भोस्कर ने शुक्रवार को मानव संसाधन विकास परिषद द्वारा दर्रीपारा में संचालित बालिका बालगृह का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बाल गृह में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रैंडम दिनों की फुटेज का अवलोकन कर कहा कि सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था हो। निरीक्षण के लिए आने वाले अधिकारियों या अन्य के साथ अनिवार्य रूप से महिला अधिकारी या कर्मचारी शामिल हो, परिजन के आने का समय निर्धारित हो। कलेक्टर ने बालगृह में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी लेते हुए कहा कि इस बात का ध्यान रखें कि स्टाफ के परिजन बालगृह में ना रुकें।



### किशोर की बाइक भिड़त में मौत, 2 गंभीर

**बिहारपुर।** बहन को 12वीं बोर्ड की परीक्षा दिलाने बाइक से परीक्षा केन्द्र बिहारपुर हायर सेकेण्डरी स्कूल ले जा रहे किशोर की शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दूरस्थ ग्राम पंचायत ठाड़पाथर निवासी फियम गुर्जर आ.संतोष गुर्जर शुक्रवार को सुबह बड़ी बहन को 12वीं बोर्ड की परीक्षा दिलाने बिहारपुर हायर सेकेण्डरी स्कूल बाइक से ले जा रहा था। निर्धारित समय के पूर्व बहन को परीक्षा केन्द्र पहुंचाने के उद्देश्य से वह तेज गति से बाइक चला रहा था। किशोर जैसे ही पासल चौक पर पहुंचा विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे बाइक सवार रामनारायण (55 वर्ष) एवं नयन सिंह (33वर्ष) से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक चला रहे किशोर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक पर सवार रामनारायण एवं नयन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

## 12 वें दिन गागर नदी का पानी डायवर्ट कर 25 फीट गहरी सुरंग से निकाला गया शव

**राजपुर।** गागर नदी में डूबे पहाड़ी कोरवा युवक का शव 12 वें दिन बरामद करने में सफलता मिली है। युवक ने मछली पकड़ने के लिए नदी में छलांग लगाई थी और उसके बाद से ही युवक लापता था। लंबे समय तक तलाश के बाद भी सफलता नहीं मिलने पर कलेक्टर एसपी ने पोकलेन की मदद से नदी का पानी डायवर्ट करने और नदी का पानी खाली करने के निर्देश दिए थे। टीम द्वारा लगातार दो दिनों तक पानी खाली करने के बाद 25 फीट गहरे सुरंग से युवक का शव बाहर निकाला गया। पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बता दें कि थाना अंतर्गत ग्राम धंधापुर निवासी 30 वर्षीय अमीर साय आ. रामपति पहाड़ी कोरवा पत्नी के साथ 18 फरवरी को लकड़ी लेने के लिए जंगल गया हुआ था और वापस लौटते समय वह गागर नदी में नहाने के लिए रुक गया। नहाने के दौरान युवक ने मछली पकड़ने के लिए गहरे पानी में छलांग लगाई थी जिसके बाद से उसका पता नहीं चल पाया था। युवक की तलाश स्थानीय पुलिस व गोताखोरों की टीम कर रही थी लेकिन शव नहीं मिलने पर 10 वें दिन कलेक्टर आर एक्का व एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह भी मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने संयुक्त टीम को अभियान चलाकर शव की तलाश करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद 29 फरवरी को कलेक्टर आर एक्का व एसपी डॉ. सिंह के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस विभाग द्वारा जिला आपदा प्रबंधन, राज्य आपदा प्रबंधन की टीम के साथ मिलकर दो पोकलेन मशीन की मदद से नदी का मार्ग डायवर्ट किया गया और पानी का बहाव रोकने के बाद जमे हुए पानी को मोटर पम्प की मदद से खाली किया गया।

- 18 फरवरी को नदी में डूबा था पहाड़ी कोरवा युवक, कलेक्टर एसपी के निर्देश पर चलाया गया संयुक्त अभियान



### अयोध्या धाम योजना के तहत मुस्लिम समाज के दो नागरिकों ने भी भरा है आवेदन फॉर्म

## हिन्दू दोस्तों के साथ सलीम व नईमुद्दीन भी जाएंगे श्री रामलला के दर्शन करने

**अम्बिकापुर।** अयोध्या में भगवान राम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में उत्साह का माहौल रहा। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव सभी ने एक साथ मिलकर मनाया और अब एक बार फिर से सरगुजा ने अपने गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल पेश की है। सामाजिक और धार्मिक सौहाद्र का केंद्र रहे सरगुजा के सीतापुर से हिन्दुओं के साथ दो मुस्लिम भी रामलला दर्शन के लिए अयोध्या जाने वाले है। अयोध्या दर्शन के लिए सलीम और नईमुद्दीन ने आवेदन फॉर्म भरा है और वे अपने दोस्तों के साथ मंदिर दर्शन के लिए जाने वाले है। उन्होंने इस तरह का निर्णय लेकर समाज व लोगों को बांटने वाली विचारधारा को एकता व भाई चारे का सन्देश दिया है जिसकी क्षेत्र में जमकर चर्चा हो रही है। बता दें कि अयोध्या में भगवान श्री राम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद छत्तीसगढ़ सरकार भी अपने वादे के अनुरूप प्रदेश वासियों को रामलला के दर्शन हेतु अयोध्या भेज रही है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए जिला व विकासखंड स्तर पर आवेदन भी भरवाए जा रहे है। अयोध्या दर्शन को लेकर हिन्दू समाज के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है लेकिन इस सब के बीच जिले के विकासखंड सीतापुर से एक बड़ी जानकारी निकलकर सामने आई है। सीतापुर में हिन्दू समाज के लोगों के साथ ही दो मुस्लिम नागरिकों ने भी अयोध्या दर्शन के लिए आवेदन फॉर्म जमा किया है।



## ग्रामीणों से एक करोड़ से अधिक की ठगी करने वाली शातिर ठग गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** ग्रामीणों को बोर खनन, कृषि कार्य तथा पशुपालन हेतु आर्थिक सहायता दिलाने व जमीन बिक्री के नाम पर एक करोड़ से अधिक की ठगी करने वाले गिरोह की मास्टर माइंड को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस गिरोह के तीन सदस्यों को पहले ही जेल भेज चुकी है जबकि महिला लता खूंटे फरार चल रही थी। आज गांधीनगर पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांधीनगर निवासी लता खुटे द्वारा बनारस रोड निवासी चन्द्रकांति भगत को 19 डिसमिल जमीन बेचने के नाम पर 5 लाख रुपए की अग्रिम राशि लेकर नोटरी कराई थी। जमीन की चौहद्दी व अनुमति लेने के नाम पर आरोपी महिला ने अलग अलग किश्तों में 16 लाख रुपए वसूल लिए और फिर जमीन देने के नाम पर टालमटोल करती रही। ऐसे में महिला ने अपने साथियों के साथ मिलकर 21 लाख रुपए की ठगी की थी। इस मामले में पुलिस द्वारा धारा 420, 467, 468 के तहत अपराध दर्ज किया गया था।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'आर्गाइल' के वर्ल्ड प्रीमियर पर हेनरी कैविल का जलवा

'आर्गाइल' का वर्ल्ड प्रीमियर लंदन में हुआ। इस दौरान हेनरी कैविल ने रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा। कैविल को गर्लफ्रेंड नताली विस्कुसो के साथ पोज देते देखा गया।



'आर्गाइल' इस साल की बहुप्रतीक्षित हॉलीवुड फिल्मों में से एक है। बीती रात सितारे लंदन में फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर के लिए निकले। सितारों से सजे इस कार्यक्रम में कई दिग्गजों ने रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा। प्रीमियर में ब्राइस डलास हॉवर्ड, दुआ लीपा और अन्य सितारे शिरकत करते देखे गए। वहीं, इस इवेंट में सबसे ज्यादा लाइमलाइट 40 साल के अभिनेता हेनरी कैविल ने बटोरी। इस दौरान वह अपनी गर्लफ्रेंड नताली विस्कुसो के साथ रेड कार्पेट पर पोज देते नजर आए। कैविल, आर्गाइल के लंदन प्रीमियर में हेनरी कैविल गहरे नीले रंग के सूट में बेहद स्मार्ट लगे। वहीं, उनकी गर्लफ्रेंड नताली विस्कुसो सफेद रंग के लंबे गाउन के ऊपर गोल्डन जैकेट पहनी काफी हसीन लगीं। इस जोड़ी ने कैविल की नेटफ्लिक्स फिल्म 'एनोला होम्स 2' के प्रीमियर के लिए अक्तूबर 2022 में न्यूयॉर्क शहर में रेड-कार्पेट पर अपनी शुरुआत की थी। विस्कुसो वर्टिगो एंटरटेनमेंट में एक टेलीविजन कार्यकारी हैं। 'आर्गाइल', जो 2 फरवरी को रिलीज होगी, मैथ्यू वॉन द्वारा निर्देशित और निर्मित एक जासूसी एक्शन कॉमेडी फिल्म है। फिल्म के सारांश के अनुसार, हॉवर्ड ने एली कॉनवे नामक एक लेखक की भूमिका निभाई है, जिसकी किताबें वास्तविक जीवन के जासूसी संगठन की गुप्त गतिविधियों को प्रतिबिंबित करना शुरू कर देती हैं।

### टॉलीवुड

## कल्कि 2898 एडी में दिखेंगे जूनियर एनटीआर-नानी ?

नाग अश्विन के निर्देशन में बनी 'कल्कि 2898 एडी' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। प्रभास की यह फिल्म इस साल रिलीज होने के लिए तैयार है।



फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारी फैंस का उत्साह बढ़ा देती है। फिल्म में प्रभास के साथ कई सितारे हैं और तमाम सितारों से सजी यह फिल्म दर्शकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव देने का वादा कर रही है। अब फिल्म में कुछ और अभिनेताओं के शामिल होने की खबर आ रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, विजय देवरकोंडा फिल्म में अतिथि भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा ऐसी अटकलें हैं कि साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और नानी की भी भूमिकाएं होंगी। यह अफवाह है कि जूनियर एनटीआर परशुराम का किरदार निभा सकते हैं, जबकि कहा जाता है कि नानी फिल्म के चरमोत्कर्ष से पहले कृपाचार्य की भूमिका निभाएंगे। अभिनेता विजय देवरकोंडा इवाडे सुब्रमण्यम में नाग अश्विन के साथ अपने पिछले सहयोग पर आधारित फिल्म में एक कैमियो कर रहे हैं। प्रशंसक बेसब्री से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि विजय की भूमिका कहानी में उत्साह बढ़ाएगी। इसके अतिरिक्त दुलकर सलमान के भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अफवाह है। हालांकि, निर्माताओं की ओर से अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की गई है। प्रभास के प्रशंसक 'कल्कि 2898 एडी' में उनकी भूमिका का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो समय यात्रा अवधारणाओं के साथ महाभारत महाकाव्य का एक विशिष्ट मिश्रण है। संतोष नारायणन ने संगीत का निर्देशन किया है। वहीं, अश्विनी दत्त और वैजयंती मूवीज के बैनर तले फिल्म का निर्माण हुआ है। यह फिल्म इस साल गर्मियों में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। वहीं, फिल्म के कलाकारों की बात करें तो नाग अश्विन द्वारा निर्देशित साइंस फिक्शन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' प्रभास के साथ में कमल हासन, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण , दिशा पटानी और कई अन्य कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। प्रभास के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह 'कल्कि 2898 एडी' के अलावा वे कुछ अन्य बेहतरीन प्रोजेक्ट्स में भी नजर आने वाले हैं। प्रभास निर्देशक मारुति के जरिए निर्देशित हॉरर-कॉमेडी फिल्म और संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित 'स्पिरिट' में नजर आएंगे।

### छॉलीवुड

## अभिनय और सुरों का जादू जगाने के साथ सामाजिक सरोकार निभा रहीं मोना

जानी-मानी सिंगर और एक्ट्रेस मोना सेन छोटे-बड़े परदे पर अपने अभिनय का जलवा बिखेर रही हैं। फिल्मों में धूम मचाने के साथ मोना समाज में भी अपना विशेष योगदान दे रही हैं। छत्तीसगढ़ सर्व सेन समाज में महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी संभालते हुए मोना अपना सामाजिक दायित्व निभा रही है। मोना का कहना है कि गायकी और अभिनय उनकी आजीविका का साधन है, लेकिन समाज में भी योगदान जरूरी है। यही वजह है कि वह लंबे अरसे से सामाजिक गतिविधियों में शामिल रही हैं। समाज में बहुत सी महिलाएं खुलकर सामने नहीं आती। मैंने कई महिलाओं को घर से बाहर आने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि मोना ने गोलमाल, छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, भंवर और मया के बुखार सहित कई बहुचर्चित फिल्मों में लीड रोल किया है, वहीं स्टेज शो में मोना एक जाना-पहचाना नाम है। मोना ने बताया कि उन्होंने बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने मिशन भी चलाया है। इसका मकसद ऐसे पैरेंट्स को मोटिवेट करना है जिनकी बेटियां हैं। खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में मैं जागरुकता अभियान चलाती है।



मशहूर डिजाइनर मिला हॉफमैन अपनी शानदार और सुंदर हस्तनिर्मित पोशाकों के लिए जानी जाती है। हॉफमैन का हर परिधान परंपरागत ढंग से डिजाइन किया गया है। इस माह फरवरी में न्यूयॉर्क फैशन वीक रनवे शो के लिए मिला के परिधान शोभा बढ़ाएंगे। अमेरिका के टेक्सास में रहने वालों के लिए इन डिजाइनर कपड़ों पर विशेष छूट दी गई है। फिलहाल मिला हॉफमैन के डिजाइन धूम मचा रहे हैं।




## चेहरे को चमकाने के काम आती है केसर, जानें इस्तेमाल का तरीका

अक्सर आपने सुना होगा कि शरीर की आंतरिक मजबूती के लिए डॉक्टर्स दूध में केसर डालकर पीने की सलाह देते हैं। बड़ों के साथ-साथ बच्चों के लिए भी केसर काफी फाययदेमंद होता है। जिस तरह से केसर के इस्तेमाल से शरीर तंदरुस्त बनता है, ठीक उसी तरह से चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए भी केसर का इस्तेमाल किया जाता है।

दरअसल, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स की अच्छी मात्रा होती है, जिस वजह से इसके इस्तेमाल से त्वचा पर रैशेज से छुटकारा मिलता है। इसके साथ ही केसर में पाए जाने वाले एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण की वजह से चेहरे पर होने वाली खुजली से राहत मिलती है।

वैसे तो आपको बाजार में आसानी से केयर से बने फेसपैक मिल जाएंगे, लेकिन बहुत से लोग बाजार में मिलने वाले प्रोडक्ट पर भरोसा नहीं करते। ऐसे में आप घर पर ही केसर की मदद से फेसपैक तैयार कर सकती हैं। हम आपको घर पर पैक तैयार करने का आसान तरीका बताने जा रहे हैं।



**केसर और दूध :** केसर और दूध का सेवन जिस तरह से शरीर के लिए फायदेमंद होता है, ठीक उसी तरह से इसको आप चेहरे पर लगाकर ग्लोइंग त्वचा पा सकते हैं। इसके लिए आपको बस थोड़ा सा दूध लेकर उसमें केसर के 3-4 धागे डालें। अब इसे मिलाकर रूई की मदद से अपने चेहरे पर लगाएं। चेहरे के दाग-धब्बों को हटाने में ये आपकी मदद कर सकता है।

**केसर और शहद:** एक कटोरी में शहद लेकर उसमें तीन से चार केसर के धागे डालें। इसके बाद इसे अच्छी तरह से मिक्स करें। इसे लगाने से पहले चेहरे को गीला जरूर कर लें। चेहरे को गीला करने के बाद पैक को चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट के बाद चेहरा साफ कर लें। आप इसका इस्तेमाल हर दूसरे दिन कर सकते हैं।

**केसर और बादाम :** इसका पैक तैयार करने के लिए आपको दूध की भी जरूरत पड़ेगी। इसको तैयार करने के लिए आपको पिसे हुए बादाम और केसर के कुछ धागों की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए कटोरी में पानी लें और बादाम और केसर को एकसाथ भिगोकर रख दें। अगली सुबह इसे पीस लें। ये पेस्ट काफी गाढ़ा होता है, ऐसे मे आप इसे सही करने के लिए दूध का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**डार्क सर्कल पर भी करें इस्तेमाल:** अगर आपकी आंखों के नीचे डार्क सर्कल चेहरे की खूबसूरती को खराब कर रहे हैं, तो आप केसर की मदद से ग्लोइंग त्वचा पा सकते हैं। इसके लिए आपको बस एक चम्मच पानी में 2 केसर के छल्ले भिगोकर रखना है और इस पानी को आखों के गहरे काले धब्बों पर लगाना है। कुछ ही दिनों में आपको इसका असर दिखने लगेगा।

## परफेक्ट लुक के लिए साड़ी पहनते वक्त रखें इन बातों का भी ध्यान






साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे कभी भी और कहीं भी पहना जा सकता है। लड़कियों से लेकर हर उम्र की महिला काफी मन से साड़ी पहनती हैं। साड़ी हमारी भारतीय संस्कृति को दर्शाती है। ऐसे में महिलाएं शादी-विवाह के साथ-साथ दफ्तरों में भी साड़ी पहनकर जाती हैं। साड़ी महिलाओं को इसलिए भी पसंद आती है, क्योंकि उसे पहनने के लिए किसी को अपना साइज नहीं देखना पड़ता।

### खुला रखें पल्लु

अगर आप चाहती हैं, कि साड़ी में आपका वजन ज्यादा ना दिखे तो आप साड़ी का पल्लु हमेशा खुला ही रखें। अगर आप इसमें प्लीट्स बना देंगी, तो आपके शरीर का ऊपर का भाग हैवी दिखेगा।

### साड़ी के वजन का रखें ध्यान

बहुत सी महिलाएं अपने वजन को लेकर काफी डरी हुई रहती हैं। ऐसे में अगर आपका वजन ज्यादा है तो हमेशा हल्के वजन वाली साड़ी को ही चुनें। अगर आप हैवी साड़ी पहनेंगी, तो आपका वजन और ज्यादा दिखेगा।

### शेपवियर देगा परफेक्ट लुक

आप अगर सादा पेटीकोट की बजाय शेपवियर के साथ साड़ी पहनेंगी तो आपका लुक ज्यादा खूबसूरत दिखेगा। शेपवियर की वजह से लुक और प्यारा दिखता है।

### रंग का रखें ध्यान

साड़ी में पतला दिखने के लिए हमेशा डार्क रंग की साड़ी का चयन करें। अगर आप हल्के रंग की साड़ी पहनेंगी तो आपका वजन ज्यादा दिख सकता है।

## लाल, हरी और पीले रंग वाली चूड़ी सेट के ये नए डिजाइंस हैं खास

हाथों की शोभा बढ़ाने के लिए आप हथेली के आकार के हिसाब से चूड़ी के डिजाइन को चुनना चाहिए। आप चाहे तो इनका एक सेट भी बनाकर पहन सकते हैं। अपने लुक को खास बनाने के लिए हम कई तरीके की चूड़ी व कंगन को पहनते हैं। ज्यादातर हम ऐसा किसी ओकेजन में स्टाइलिश दिखने के लिए करते हैं। आजकल मार्केट में हाथों के आकार और लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से आपको चूड़ी के सेट मिल जाएंगे।



**लाल रंग के चूड़ी सेट डिजाइन :** लाल रंग की चूड़ी लगभग हर तरह के कलर कॉम्बिनेशन वाली आउटफिट क्र साथ पहन सकती हैं। आप चाहे तो इस तरह की चूड़ी के साथ अलग-अलग तरह चौड़े साइज वाले कंगन पहन सकती हैं। इसके अलावा आप लाल रंग की चूड़ी के साथ 4 से 5 अलग कलर्स की पतली चूड़ी को मिलाकर सेट बना सकती हैं।

**पीले रंग के चूड़ी सेट डिजाइन :** बसंत पंचमी के दिन पीले रंग की चूड़ियां पहनना बेहद शुभ माना जाता है और इसमें आपकोप्लेन से लेकर बारीक नग में काफी डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। वहीं आप चाहे तो इन्हें भारी और फैंसी लुक देने इ लिए साथ में मीडियम या चौड़े साइज के पर्ल डिजाइन कंगन को पहन सकती हैं।

**हरे रंग की चूड़ी सेट डिजाइन :** हरे रंग की चूड़ी में आपको डार्क से लेकर लाइट शेड में चूड़ियां देखने को मिल जाएंगी। वहीं इस तरह की चूड़ी के साथ आप गोल्डन कलर की शिमर या नग वाली चूड़ी के साथ मिलाकर अपनी आउटफिट के हिसाब से सेट बनाकर पहन सकती हैं।

**लाल-हरी चूड़ी सेट डिजाइन:** अगर आपकी आउटफिट का कलर दो रंगों का है तो इस तस्वीर की तरह से आप लाल और हरे रंग के साथ चूड़ी का सेट खुद बना सकती हैं।


आप चाहे तो लाल और हरे के अलावा भी अपने हिसाब से कलर कॉम्बिनेशन भी चुन सकती हैं। चूड़ी के सेट को आकर्षक बनाने के लिए आप गोल्डन कलर के कंगन भी पहन सकती हैं।

## सर्दियों के लिए परफेक्ट हैं लिपस्टिक के ये अनूठे शेड्स, आप भी करें ट्राई

मेकअप लुक को कंप्लीट करने के लिए हम लिपस्टिक लगाते हैं, ताकि चेहरे के साथ-साथ लिप्स भी खूबसूरत नजर आए। सर्दियों का सीजन शुरू होते ही हम अपने स्किन केयर और मेकअप प्रोडक्ट को चेंज करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में स्किन ड्राई होने लगती है। लिप्स भी फटने लगते हैं। ऐसे में मैट मेकअप करते हैं तो वो अच्छा नहीं लगता है।

### डार्क ब्राउन शेड लिपस्टिक करें ट्राई

सर्दियों में लिप्स ड्राई नजर आते हैं और फटने की वजह से उनका कलर भी डार्क हो जाता है। ऐसे में अगर आप रेड लिपस्टिक या पिंक कलर लगाएंगी तो वो होंठों पर अच्छी नहीं लगेगी। इससे बेस्ट है कि आप डार्क ब्राउन कलर लगाएं। इसमें आपको लिक्विड और ग्लॉसी हर एक तरह के कलर मिल जाएंगे। आप चाहे तो चॉकलेट ब्राउन या फिर न्यूड ब्राउन कलर भी ले सकती हैं। इस तरीके शेड्स न्यूड या फिर ब्राउन टोन मेकअप के साथ काफी अच्छे लगते हैं। इसकी खरीदारी आप ऑनलाइन या फिर मेकअप स्टोर पर जाकर करें, ताकि आपको इसे अप्लाई करके देखने का मौका भी मिले।



### न्यूड शेड लिपस्टिक

आप इस विंटर अपने लिप्स के लिए न्यूड शेड लिपस्टिक ले सकती हैं। ये काफी अच्छी लगती हैं और इसे किसी भी ओकेजन (ऑफिस के लिए लिपस्टिक शेड्स) पर लगाया जा सकता है। इसमें आप चाहे तो पिंक कलर या फिर ब्राउन कलर न्यूड शेड को ट्राई कर सकती हैं। इसके अलावा आपको पीच के भी काफी सारे अलग-अलग शेड मिल जाएंगे, जिन्हें आप ट्राई कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### सर्दियों के मौसम की विदाई में स्वेटर भी चुनें फैशन के अनुरूप

## ऑफिस कैजुअल लुक के लिए स्वेटर को ऐसे करें स्टाइल, दिखेंगे सबसे अलग

*सर्दियों का मौसम जल्द ही विदा होने वाला है। ऐसे में ऑफिस कैजुअल लुक के लिए आपको अपने स्टाइल को बदलने की जरूरत होती है, ताकि आप परफेक्ट नजर आए। हम सभी अपने लुक्स को लेकर हमेशा अपडेट रहते हैं। इसलिए जो भी फैशन ट्रेंड चल रहा होता है तो उसके हिसाब से कपड़े भी खरीदकर रखते हैं ताकि जब उन्हें वियर करें तो हर कोई हमारी तारीफ करें। लेकिन जब बात आती है ऑफिस कैजुअल लुक की तो इसके लिए हम जैकेट, कोट और श्रग खरीदते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है हमारा इन्हें एक ही तरीके से वियर करने का मन नहीं करता है। ऐसे में आप स्वेटर को अलग-अलग तरीके से स्टाइल कर सकती हैं, जिसके तरीके हम आपको इस आर्टिकल में बताएंगे।*



### डेनिम जींस के साथ करें स्टाइल

अगर आपको स्वेटर वियर करना है तो इसके लिए आप लूज डेनिम को पेयर कर सकती हैं। इसके साथ स्वेटर लुक अच्छा लगेगा, साथ ही आप ऑफिस में कम्फर्टेबल रहेंगी। इस फोटो में दीपिका पादुकोण ने भी ऐसे ही स्वेटर को स्टाइल किया हुआ है, साथ में बोल्ड आईमेकअप और एक्सेसरीज को एड किया है। उनके इस लुक को शलिना नथानी द्वारा स्टाइल किया गया है। आप भी अपने ऑफिस के लिए इस लुक को रीक्रिएट कर सकती हैं।

### एक्सेसरीज के साथ स्वेटर को करें स्टाइल

आप ऑफिस कैजुअल लुक के लिए आप स्वेटर के साथ एक्सेसरीज के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए (साड़ी रीयूज) आप वन लेयर चेन नेकलेस या फिर हूप्स इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक भी अच्छा लगेगा और आप स्टाइलिश भी लगेंगी। ऐसी ज्वेलरी आप मार्केट से 100 से 200 रुपये में खरीद सकती हैं और ऑफिस में पहनकर जा सकती हैं।

### बेल्ट के साथ करें स्टाइल

अगर आप लूट स्वेटर को वियर कर रही हैं तो इसके साथ आप इससे आपका लुक कैजुअल लगेगा, साथ ही (पाकिस्तानी सलवार सूट) आपको कुछ अलग ट्राई करने का मौका मिलेगा। इसके लिए आप ब्लैक या फिर ब्राउन दोनों तरह की बेल्ट का इस्तेमाल कर सकती हैं जिस पर गोल्डन वर्क हुआ हो, ये काफी क्लासी लगती हैं और दिखने में अच्छी लगती हैं।





# साउथ के दिग्गज अभिनेता ने मारी राजनीति में एंट्री

**मुंबई।** साउथ के कई दिग्गज अभिनेता अब तक एक्टिंग के साथ-साथ पॉलिटिक्स में भी अपना दमखम दिखा चुके हैं। इसी बीच साउथ के एक और बड़े स्टार ने राजनीति में एंट्री की है। साउथ के जाने-माने कलाकार थलापति विजय ने शुक्रवार को सियासी पार्टी के नाम की घोषणा कर दी है। उनकी पार्टी का नाम- तमिलगा वेत्री कजगम है। गौरतलब है कि विजय के राजनीति में एंट्री करने से पहले भी साउथ के कई दिग्गज कलाकार पॉलिटिक्स में अपना हुनर आजमा चुके हैं। राजनीति में कदम रखने के साथ-साथ उन्होंने अपना एक बयान भी जारी किया है जिसमें उन्होंने साल 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भी कई चीजों पर अपनी बात रखी है।

लाइफ Style

# कृति सेनन



## अन्य कलाकारों से लेती हूं प्रेरणा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कृति सेनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म में कृति एक्टर शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। फिल्म में वे रोबोट की भूमिका निभा रही हैं। कृति और शाहिद दोनों फिलहाल इस फिल्म के प्रमोशन में जुटे हुए हैं।

हाल ही में एक इवेंट के दौरान कृति सेनन ने बॉलीवुड में अपनी यात्रा के बारे में खुलकर बात की। कृति सेनन ने कहा कि वे इंडस्ट्री में अपने दम पर पहचान बनाने में यकीन रखती हैं। आगामी फिल्म में अपने किरदार पर बात करते हुए उन्होंने कहा, 'हम तकनीक में आगे बढ़ रहे हैं और अब हमारे पास रोबोट हैं। तकनीक के मामले में हम कितना आगे जाएंगे अभी यह स्पष्ट नहीं है। अपने रोल के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, 'मैं एक कलाकार के रूप में अन्य कलाकारों से प्रेरणा लेती हूं। हालांकि, रोबोट के रूप में भूमिका की अपनी सीमाएं हैं। मेरा किरदार पूरी तरह से इंसान होने का भ्रम देता है, फिर भी वह ऐसा नहीं है। उस महीन रेखा पर चलना मेरे लिए रोमांचक था। शूटिंग के दौरान मैं सवाल पूछती रहती थी, 'ज्यादा रोबोटिक तो नहीं हो रहा है? या ज्यादा ह्यूमन तो नहीं हो रहा'? इस किरदार को निभाते हुए आई चुनौतियों के बारे में कृति सेनन ने कहा, 'शुरुआत में थोड़ा घुटन महसूस हुई, क्योंकि मुझे लगा कि मेरे हाथ बंधे हुए हैं। हालांकि, वक्त के साथ सब बेहतर होता गया। सब कुछ तभी होता है जब उसे होना चाहिए। फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' नौ फरवरी 2024 को रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला




# डेस्पिकेबल मी 4 का ट्रेलर आउट

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के जाने-माने फिल्म निर्देशक काइल बाल्डा, ब्रैड एबलसन और जोनाथन डेल वैल द्वारा निर्देशित एनिमेटेड फिल्म 'डेस्पिकेबल मी' को दर्शकों का खूब प्यार मिली। फिल्म की तीन सीरीज आ चुकी हैं, जिनको दर्शकों ने खूब पसंद किया। ऐसे में फैंस काफी लंबे समय से इस फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त के आने का वेट कर रहे थे, जो अब जल्द ही खत्म होने वाला है। क्योंकि हाल ही में 'डेस्पिकेबल मी 4' का रोमांचक ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसको फैंस खूब पसंद कर रहे हैं।




# नॉमिनेशन से बाहर होने पर नाराज नहीं 'बॉर्बी'

**लॉस एंजिलिस।** दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में शामिल ऑस्कर अवार्ड्स के नामिनेशन का ऐलान आखिरकार 23 जनवरी को हो गया है। फिल्म 'बार्बी' की मुख्य अभिनेत्री मार्गोट रॉबी और निर्देशक ग्रेटा गेरविग को नॉमिनेशन लिस्ट से बाहर रखा गया था। इससे न केवल इसके कलाकार और क्रू नाराज हुए बल्कि कई लोकप्रिय हॉलीवुड अभिनेताओं ने भी अपनी निराशा व्यक्त की। अब, आखिरकार 'बार्बी' एक्ट्रेस मार्गोट रॉबी ने इस पर अपनी राय व्यक्त की है। नॉमिनेशन न मिलने पर एक्ट्रेस खुद भी नाराज नहीं हैं। मार्गोट रॉबी ने कहा, ''जब आप जानते हैं कि आप पर ईश्वर का आशीर्वाद है तो बुरा महसूस करने का कोई कारण नहीं है।



# करीना ने विक्रांत मैसी को बताया 'लेजेंड'

**मुंबई।** विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी फिल्म '12वीं फेल' को लेकर सुर्खियों में हैं। बड़ी फिल्मों के शोर में विक्रांत की ये फिल्म चुपके से रिलीज हुई और लोगों की काफी पसंद आई। हाल ही में करीना कपूर खान ने विधु विनोद चोपड़ा के डायरेक्शन में बनी फिल्म '12वीं फेल' देखी और वह विक्रांत मैसी की फैन हो गई हैं। करीना ने '12वीं फेल' देखने के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने विक्रांत मैसी की जमकर प्रशंसा की। करीना के मुंह से अपनी तारीफ सुनने के बाद 'आईपीएस मनोज' काफी गदगद हैं। उन्होंने इस पर रिएक्ट किया है। करीना ने तो फिल्म देखकर विक्रांत मैसी को 'लेजेंड' बता दिया। करीना ने फिल्म के अन्य स्टार्स मेधा शंकर, अनंत वी जोशी और अंशुमान पुष्कर की भी तारीफ की।



# पूरी की 'चंदू चैंपियन' की शूटिंग...


**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन इस समय बैक टू बैक हिट फिल्मों पर काम कर रहे हैं। कार्तिक की आगामी फिल्म 'चंदू चैंपियन' सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। वहीं, अभिनेता की अगली फिल्म 'आशिकी 3' की घोषणा भी हो चुकी है। कार्तिक के फैंस उन्हें इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं, फिल्म के निर्माताओं ने आज आधिकारिक रूप से फिल्म 'चंदू चैंपियन' की शूटिंग पूरी होने की घोषणा की है। 'चंदू चैंपियन' की शूटिंग खत्म होने के बाद निर्माताओं ने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से एक तस्वीर साझा की है। तस्वीर में साजिद नाडियाडवाला के साथ कार्तिक आर्यन और कबीर खान नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा है, 'साल की सबसे बड़ी फिल्म के लिए खुद को तैयार रखें।

# कंगना को मानहानि मामले में नहीं मिली राहत



*मुंबई। कंगना रणौत को मानहानि केस में बॉम्बे हाई कोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने शुक्रवार को अभिनेत्री की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने गीतकार जावेद अख्तर द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत से उत्पन्न मुकदमे पर रोक लगाने की मांग की थी। रिपोर्ट के अनुसार, बॉम्बे हाई कोर्ट ने 2020 में जावेद की ओर से दायर मानहानि मामले में कंगना द्वारा दायर रिट याचिका को खारिज कर दिया। कंगना ने जावेद अख्तर के खिलाफ एक क्रॉस-शिकायत भी दर्ज कराई थी, जिसमें जबरन वसूली, आपराधिक साजिश और उनकी गोपनीयता पर हमला करके उनकी निजता को आहत करने का आरोप लगाया था। रिपोर्ट के अनुसार, न्यायमूर्ति प्रकाश नाइक ने आदेश पारित किया और कहा कि कार्यवाही को रोका या क्लब नहीं किया जा सकता क्योंकि कंगना रणौत ने कभी यह तर्क नहीं दिया कि मामले क्रॉस-केस थे, और इसके बावजूद, जावेद अख्तर की शिकायत पहले दर्ज की गई थी।*

# रवीना ने ठुकराया था ऑफर



मुंबई। एक्ट्रेस रवीना टंडन इन दिनों वेब सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' में इंद्राणी कोठारी के किरदार को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी फिल्मोग्राफी के बारे में बात की और खुलासा किया कि उन्हें शाहरुख खान के साथ चार फिल्में रिजेक्ट की थीं। रवीना टंडन ने बातचीत में बताया कि वह और शाहरुख खान एक बार एक साथ चार फिल्में करने पर सहमत हुए थे। हालांकि, अलग-अलग कारणों से इनमें से कोई भी पूरा नहीं हो सका। रवीना टंडन ने बताया कि पहली फिल्म निर्देशक के निधन के कारण बंद हो गई थी। दूसरी फिल्म के बारे में रवीना ने कहा कि वह अपनी ड्रेसेस से खुश नहीं थीं।

# आइकॉनिक गोल्ड अवाड्र्स में चमकीं हिना और रुपाली





**मुंबई।** टेलीविजन एक्ट्रेस रुपाली गांगुली और हिना खान आइकॉनिक गोल्ड अवाड्र्स में छा गईं। दोनों ही एक्ट्रेस ने अवाड्र्स तो जीते ही, लेकिन इसके साथ ही अपने सादगी भरे लुक से फैन्स का दिल भी जीत लिया। आइकॉनिक गोल्ड अवाड्र्स 2024 में हिना खान और रुपाली गांगुली दोनों ही साड़ी पहनकर पहुंची थीं। दोनों के इस सादगी भरे लुक की फैन्स जमकर तारीफ कर रहे हैं। आइकॉनिक गोल्ड अवाड्र्स 2024 में रुपाली गांगुली ने अपने शो 'अनुपमा' के लिए लोकप्रिय सर्वश्रेष्ठ टीवी अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। वहीं, हिना खान ने पाथब्रेकिंग पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता है। दोनों ही अपने अवॉड्र्स पाकर काफी खुश नजर आईं. दोनों परिवार, दोस्तों और फैन्स को धन्यवाद भी दिया।

# शहनाज गिल ने फैंस को दिया सरप्राइज

*पंजाब की कैटरीना कैफ के नाम से पहचान बनाने वाली शहनाज गिल आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। अपने अनोखे अंदाज से उन्होंने बिग बॉस में सभी का ऐसा दिल जीता कि घर-घर में उन्हें एक नई पहचान मिल गई थी।*



**मुंबई।** अब वह अपने फैंस की फेवरेट बनी हुई हैं। हाल में एक्ट्रेस ने अपने वैलेंटाइन 2024 के प्लान का खुलासा कर दिया है। बिग बॉस में अपने चुलबुले अंदाज से शहनाज ने सभी को अपना दीवाना बना दिया था। इस शो से उन्हें बड़ी पहचान मिली। सलमान खान के शो 'बिग बॉस' में अपने अंदाज से लाइमलाइट में आईं पंजाब की कैटरीना कैफ शहनाज गिल की आज बड़ी फैन फोलॉइंग हैं। सोशल मीडिया पर वह अक्सर सुर्खियों में छाई रहती हैं। आज इंडस्ट्री में उनकी अपनी एक अलग पहचान है। आज वह किसी पहचान की मोहताज नहीं है। अपने करियर में वह 'शिव दी किताब', 'माझे दी जट्टी' और 'पिंडां दियां कुड़ियां' जैसे म्यूजिक वीडियोज में भी नजर आ चुकी हैं।

# पूनम पांडे की मौत के बारे में सुन शॉक्ड हुए टीवी स्टार

*32 साल की पूनम पांडे की मौत की खबर ने हर किसी को शॉक्ड कर दिया है। मॉडल के इंस्टाग्राम हैंडल से दावा किया गया कि वह दुनिया को अलविदा कह गईं। इतना ही नहीं, पूनम पांडे के मैनेजर ने भी इसकी पुष्टि की। ऐसे में अब जब पूनम पांडे के दोस्तों और सेलेब्स ने ये खबर सुनी तो सब सुन्न रह गए। बिग बॉस फेम आकांक्षा पुरी से लेकर पलक पुरसवानी के साथ साथ 'लॉकअप' की होस्ट कंगना रनौत ने भी दुख जताया है। सभी सितारों ने हैरानी जताई कि अचानक कैसे ये सब हो गया।*

### कंगना ने पूनम को किया याद

'लॉकअप' की होस्ट कंगना रनौत ने भी पूनम पांडे की यूं अचानक मौत पर दुख जताया है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर किया।

### आकांक्षा पुरी हुईं शॉक्ड

पूनम पांडे की दोस्त आकांक्षा पुरी ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया। उन्होंने तो बैक टू बैक कई पोस्ट डाले जहां वह बता रही हैं कि बहुत ही शॉक्ड हैं। आकांक्षा ने कहा, 'बहुत ही शॉकिंग हैं। मुझे विश्वास ही नहीं हो रहा है। तुम बहुत ही जबरदस्त थीं।



### करण कुंद्रा भी हुए हैरान

लॉकअप में बतौर गेस्ट और होस्ट करण कुंद्रा भी नजर आए थे. मतलब ये कि वह भी पूनम पांडे के साथ काम कर चुके हैं. अब पूनम पांडे के निधन की खबर सुनकर वह हैरान रह गए हैं. ट्विटर पर उन्होंने पोस्ट किया है।

### पूनम पांडे को था कैंसर

पूनम पांडे के निधन पर फैशन डिजाइनर रोहित वर्मा से लेकर पलक पुरवानी ने भी दुख जताया. सभी हैरानी जता रहे हैं. वहीं ढेरों फैंस भी पूनम पांडे की आत्मा की शांति की प्रार्थना कर रहे हैं. मालूम हो, 1 फरवरी 2024 को पूनम पांडे ने अपने घर में आखिरी सांसें ली।

### मुनव्वर को लगा झटका

*मुनव्वर फारूकी जब बिग बॉस 17 की ट्रॉफी के लिए लड़ रहे थे तो पूनम पांडे ने उन्हें हमेशा सपोर्ट किया है। जब भी उनसे पूछा जाता कि कौन जीतना चाहिए तो उन्होंने हमेशा कॉमेडियन का ही नाम लिया था।*

### 3 दिन पहले गोवा में चिल कर रही थीं पूनम

*32 साल की मॉडल और एक्ट्रेस पूनम पांडे के निधन की खबर ने फैंस को सदमे में डाल दिया है। हर किसी के मन में एक्ट्रेस की मौत की खबर को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में एक्ट्रेस का आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो तीन दिन पहले ही पोस्ट किया गया है, जिसमें मॉडल और एक्ट्रेस पूनम पांडे सिजलिंग लुक में क्रूज पर दिखाई दे रही हैं।*

## खबर संक्षेप

### 4 थानेदारों का हुआ तबादला

**रायगढ़।** नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने अपनी पदस्थापना के बाद विभाग में कसावट लाने पहली सर्जरी करते हुए 4 थानों का तबादला आदेश जारी किया। जिसमें पुसौर थाना प्रभारी सीताराम ध्रुव को रक्षित केन्द्र, सौरभ द्विवेदी को रक्षित केन्द्र से पुसौर थाना प्रभारी बनाया गया है, इसी प्रकार खरसिया थाना प्रभारी रहे मनीषकांत को रैरूमाखुर्द की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं थाना प्रभारी रैरूमाखुर्द रहे ऐनु कुमार देवांगन को थाना खरसिया का जिम्मा दिया गया है।

### मामूली विवाद पर बेटा बहू ने की मां पिटाई

**रायगढ।** धरमजयगढ़ विखं अंतर्गत कापू थाना क्षेत्र के एक गांव में शराब पीने से मना करने पर बेटा और बहू ने मां की पिटाई कर दी। वहीं इस घटना की शिकायत पर कापू पुलिस ने आरोपी बेटा व बहू के विरूद्ध विभिन्न कानूनी धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए केस की विवेचना शुरू कर दी है। इस संबंध में प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि मेरा पति सलका में रहता हूं। मेरा एक बेटा एवं बहू है, मैं उन लोगो से अलग रहती हूं तथा मांग कर जीवन यापन करती हूं। प्रार्थिया ने बताया कि बीते 24 फरवरी को करीब 3 बजे मेरा बेटा एवं बहू को शराब पीने की बात पर समझाईश देने पर उनके द्वारा शराब पीने से मना करने की बात को लेकर बेटे ने डंडा से एवं बहू हाथ मुक्का से मारपीट किया है।

### अंकसूची सत्यापन के बावजूद वेतनवृद्धि नहीं

**रायगढ़।** करीब एक दशक पहले ट्राइबल विभाग में हुई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के अंकसूची सत्यापन के बावजूद वेतनवृद्धि का लाभ नहीं मिल रहा है, इस वजह से कर्मचारी परेशान होकर विभाग प्रमुख के दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं। कर्मचारी संघ ने जानकारी दी है कि उन्हे आदिम जाति कल्याण विभाग में वर्ष 2013-14 में सीधी भर्ती के अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी में नियुक्ति मिली थी। इन सभी की अंकसूची सत्यापन हेतु शिक्षा विभाग भेजी गई थी। कर्मचारियों के मुताबिक करब एक दर्जन लोगों की अंकसूची का सत्यापन पूर्ण हो चुका है। इसके बाद भी उन्हे शासन द्वारा निर्धारित वेतनवृद्धि का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसी कडी मे परेशान अजाक विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने ट्रायबल आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर शीघ्र अंकसूची सत्यापन कराने हेतु शिक्षा विभाग को निर्देशित करने और सत्यापित कर्मचारियों को वेतनवृद्धि का लाभ दिलाने की मांग की है।

### कार की टक्कर से बाइक सवारों की हालत गंभीर

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कापू - धरमजयगढ मुख्य मार्ग खम्हार मोड़ पर कार की ठोकर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये है। घायलों को नजदीक के अस्पताल मे भर्ती कराया है। जानकारी के मुताबिक बाइक सीजी 13 एएफ 0918 में तीन लोग सवार होकर नजदीकी ग्रामीण बैंक खम्हार आये हुए थे जिसका गोढ़ी खुर्द ग्राम पंचायत सचिव सारिफ खान की अल्टो कार सीजी 07 एएम 4453 ने बाइक सवारों को जोर से ठोकर मारी , ठोकर इतनी तेज थी कि आसपास में ठोकर की आवाज से दहशत का माहौल बन गया है। कार की ठोकर से बाइक सवारों को गंभीर चोट लगाना बताया जा रहा है। वही बाइक में सवार बुजुर्ग महिला के पैर टूटने की भी जानकारी मिली है।

### रोड निर्माण कार्य रूका बच्चों की परेशानी बढी

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के नामवर और गौरव ग्राम केनसरा का बायपास पहुंच मार्ग का रूकने का मामला प्रकाश में आया है जिससे लोगों को जहां काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं उक्त रोड किनारे स्थित स्कूली छात्रों को भी तरह तरह का असुविधा हो रहा है। जानकारी के मुताबिक केनसरा पहुंचने के लिए तालाब के मेड से होते हुए स्कूल के किनारे से केनसरा बस्ती तक रास्ता है जो खेत से सटा हुआ है। उक्त रास्ता का लगभग 25 प्रतिशत कांक्रीट हो गया है और शेष मेडनुमा उबड़ खाबड़ है।

## घंटों जाम रहा घरघोड़ा तमनार मार्ग

# भारी वाहनों का रास्ता बदलने की मांग, सड़क पर उतरे प्रदर्शनकारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

एसडीएम को पूर्व में सौंपे पत्र के मुताबिक 1 मार्च को घरघोड़ा तमनार मार्ग पर युवा कांग्रेस के नेतृत्व में आर्थिक नाकेबंदी कर भारी वाहनों के नगर प्रवेश का विरोध किया गया।

जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रवासियों द्वारा उस्मान बेग के नेतृत्व में सुबह सात बजे से झारियापाली चौक पर आर्थिक नाकेबंदी करते हुए जोरदार नारेबाजी करते हुए घंटो बैठकर प्रशासन के गाड़ी आवागमन के फ़ैसले व किसानों के बकाया सड़क मुआवजा देने के माँग पर अड़े रहे। स्थानीय प्रशासन पुलिस सकते में आते हुए मान मुनव्वल का दौर लगातार उस्मान बेग व टीम को करती रहीए पर वो अपनी माँगो पर अड़े रहे।

वही दूसरी ओर तमनार ब्लाक के जनप्रतिनिधियों द्वारा भी ग्राम जरेकेला में इसी फ़ैसले व माँग पर टेंट लगाकार धरने पर बैठ गए वही तमनार के प्रतिनिधिमंडल द्वारा झारियापाली आकर घरघोड़ा ब्लाक व तमनार ब्लाक के सभी को एक मंच पर बैठकर इसे करने की बात रखी गई। वही प्रशासन के द्वारा आमजनता को हो रही परेशानियों को देखते हुए माँगे मानने की बात कही गई तब जाकर दोपहर झारियापाली का आंदोलन को वहाँ से जरेकेला में जाकर दोनों ब्लाक के साथ किया जा रहा है। हालाँकि जहां आज दिनांक से भारी गाड़ियो का आवागमन चालू होना था वह चालू नहीं हो सका व आगे चालू होने की उम्मीद नहीं दिख रही जब तक राज्य शासन इस पर कड़े फ़ैसले अख़्तियार नहीं करती। युवा नेता व जनप्रतिनिधि उस्मान बेग ने कहा कि लड़ाई लंबी है अंतिम साँस तक लड़ेंगे बड़ी गाड़ियो के आवागमन पर रोक लगे व किसानों को बाक़ी अप्राप्त मुआवज़ा प्राप्त हो।

### ये है मामला

घरघोड़ा से तमनार जाने का एकमात्र पक्की सड़क जो कि ग्रामीण सड़क है जिसमें सड़क के किनारे कई गांव और स्कूल स्थापित है और लगभग 25 वर्ष के बाद दोबारा यह सड़क पक्की बनाई गई है जिस पर अभी भी रोजाना सैकड़ों की संख्या में बिना परमिशन के ओवरलोड कोयले से भरी ट्रेलर चल रही हैं व आगे चलने का फ़ैसला अख़्तियार किया है. पूंजीपथरा तमनार मिलूपारा मार्ग लंबाई 26 किमी निर्माणाधीन साथ मे भारी वाहनों के चलने से निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे है जिसको देखते हुए कार्यपालन अभियंता लोनिवि रायगढ़ द्वारा पूंजीपथरा तमनार मार्ग को जल्द पूरा करने को लेकर भारी वाहनों को परिवर्तित कर तमनार से घरघोड़ा मार्ग का उपयोग करने की बात सामने आ रही है ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि वर्तमान में यह क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण भारी वाहनों का आवागमन बहुत ज्यादा है जिससे यहां दुर्घटनाएं आए दिन होते रहती है। साथ मे ग्रामीणो द्वारा भी लगातार तमनार से घरघोड़ा मार्ग पर आना जाना लगा रहता है। जिसके कारण कई दुर्घटनाएँ हो चुकी है साथ मे उक्त मार्ग की क्षमता भारी वाहन चलाने योग्य नही है। इस मार्ग में वाहनों को प्रतिबंधित कर वैकल्पिक मार्ग बनाने की मांग लंबे समय से हो रही है।



12 वीं बोर्ड की परीक्षा में पत्रकार के गुण और समाचार पर प्रश्न

## परीक्षार्थियों ने कलेक्टर से की शिकायत परीक्षा अवधि में डीजे से राहत दिलाइए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

1 मार्च से शुरू 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में हायर सेकेंडरी का पहला प्रश्न पत्र हिंदी इतना सरल आया कि परीक्षार्थियों ने मन भर के उत्तर लिखते हुए सप्लीमेंट्रीज भरी। कक्षा 12वीं की परीक्षा का सरल आगाज होने से परीक्षार्थियों और शिक्षकों में खुशी व्याप्त हो गई है।

कक्षा 12वीं के शिक्षक और परीक्षार्थी जनवरी में टाइम टेबल की घोषणा होने के बाद से ही एनुअल एग्जाम की तैयारी में जुट गए थे। 1 मार्च को शिक्षकों की हिदायत काम आई। परीक्षार्थियों ने पेपर को सरल प्रकार 3 घंटे तक जमकर उत्तर लिखा। हिंदी का प्रश्नपत्र विज्ञान और सामाजिक जीवन की महत्वपूर्ण बातों से ओतप्रोत शानदार पेपर रहा। प्रश्न पत्र में समाचार जगत न्यूज़ पेपर से भी सवाल पूछे गए। पत्रकार के गुण लिखने फ्रीलांसर किसे कहते हैं। एक अच्छा समाचार क्या है। इस तरह के प्रश्न पूछे गए। इसी के साथ चंद्रयान 3 की सफलता वन्यजीव विविधता और वायु प्रदूषण को लेकर भी निबंध पूछा गया जबकि प्लास्टिक की थैलियां का उत्पादन और प्रयोग पर रोक लगाने के लिए मंत्री को पत्र लिखने को कहा गया था। बच्चों ने अपने जिले के कलेक्टर को परीक्षाओं के दौरान डीजे के बजने की शिकायत करते हुए ध्वनि प्रदूषण से राहत दिलाने वाले आवेदक को लिखने में ज्यादा दिलचस्पी ली। प्रश्न पत्र का एक हिस्सा काव्यांश पर आधारित था जो काफी मार्मिक रहा। काव्यांश आधारित एक प्रश्न में लिखा था सोचिए बताइए आपको अपाहिज होकर कैसा लगता है कैसा यानी कैसा लगता है सोचिए बताइए थोड़ी कोशिश कीजिए इसको पढ़कर बच्चे द्रवित हो गए वहीं वह रूपवती मुखड़े पे एक नर्म दमक बच्चों के घरोंदे में जलती है दी, जैसे प्रश्नों के वजह से हिंदी का पेपर साहित्य की दृष्टि से काफी समृद्ध माना गया।

महतारी वंदन योजना

## 2 लाख महिलाओं ने किया आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महतारी वंदन योजना का लाभ पाने के लिए 29 फरवरी तक 2 लाख 7 हजार 452 विभाग को प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों में 232 आवेदनों पर दावा आपत्ति प्राप्त हुई थी, जिसका विभाग द्वारा निराकरण किया गया है।

■ 232 दावा आपत्तियों का निराकरण, 65 हजार पेशनधारियों का सत्यापन जारी

वहीं पूर्व पेंशनधारियों से प्राप्त 65 हजार आवेदनकर्ताओं के आवेदनों का सत्यापन किया जा रहा है।

महतारी वंदन योजना के तहत पात्र महिलाओं को आगामी 8 मार्च को पहली किश्त जारी की जाएगी। इसके लिए विभागीय तैयारियां की जा रही है। गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना की शुरूआत महिलाओं को आर्थिक स्वालंबन तथा उनके स्वास्थ्य व पोषण स्तर में सुधार और परिवार में उनकी निर्णायक भूमिको सुदृढ करने हेतु समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता व जागरूकता की कमी को दूर करने के उद्देश्य से लागू किया जा रहा है। इस योजना के तहत पात्र विवाहित, परित्यक्त, विधवा व तलाकशुदा महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रूपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए महिलाओं का स्वयं बैंक खाता होना अनिवार्य है। इसके लिए संयुक्त खाता मान्य नहीं है। वहीं महिला के स्वयं के बैंक खाते में आधार लिंक एवं डीबीटी सक्रिय हो।

### प्राप्त हुए आवेदन

महतारी वंदन योजना के तहत करीब 2 लाख 7 हजार 452 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें 232 में दावा आपत्तियां प्राप्त हुई थीं, जिसका निराकरण कर लिया गया है। वहीं आदेश प्राप्त होते ही पात्र हितग्राहियों के अंतिम सूची प्रकाशन कर लिया जाएगा।

-एलआर कच्छप
महिला एवं बाल विकास अधिकारी

### पेंशनधारियों को ऐसे मिलेगी राशि

जानकारी के अनुसार जो हितग्राहियों को पहले से ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सहायता राशि प्राप्त हो रही है और यह राशि 1 हाजर से कम है तो ऐसी स्थिति में उन्हें अतिरिक्त उतनी राशि की सहायता स्वीकृत की जाएगी, जिससे उन्हें कुल 1 हजार रूपए मासिक राशि प्राप्त हो सके।


## पीडीएस का चावल अन्यत्र हो रहा था अनलोड, वाहन चालक हिरासत में

**रायगढ़।** बरपाली ग्राम पंचायत में 17 लाख के पीडीएस चावल को बाहर बेच देने के मामले में ट्विस्ट आ गया है। पुलिस ने चावल भंडारण करने वाले नान ठेकेदार के ड्राइवर को पकड़ लिया है। बताया जा रहा है कि सरपंच के कहने पर ड्राइवर ने चावल को कहीं और खाली करवाया है। इस केस में अब किसी राइस मिलर और बिचौलिए का नाम आ सकता है।

रायगढ़ जिले में गरीबों के चावल की भी लूट मची हुई है। दुकान संचालक से सांठगांठ करके चावल गायब किया जा रहा है। अब तक तो दुकान से चावल गायब किया जाता था। लेकिन अब तो नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम से निकली गाड़ी का रूट ही बदल दिया जाता है। मतलब चावल दुकान में खाली न होकर चावल खरीदार के ठिकाने में अनलोड हो रही है। बरपाली राशन दुकान में 392.78 क्विंटलए 0.54 क्विं. शक्कर और 0.91 क्विं नमक कम पाया गया जिसकी कीमत 17,38,899 रुपए है। मार्च माह के लिए एडवांस में भंडारित चावल को भी बेच दिया गया। जांच में कहा गया था कि 10 फरवरी को नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम से निकले चावल का भंडारण कराया गया था। लेकिन यह अधूरी बात है। नान के गोदाम से ट्रक निकला था। लेकिन भंडारण कहीं और कराया गया। पुलिस ने विवेचना के दौरान ट्रक के ड्राइवर आकाश यादव निवासी जशपुर को पकड़ा है।

## जुनवानी में हाथियों का आतंक तीन घर तोड़े, महिला घायल

**रायगढ़।** जिले के बंगुरसिया.जुनवानी क्षेत्र के जंगलों में पिछले लंबे समय से जंगली हाथियों ने डेरा डाला हुआ है। यहां के जंगलों में रहने वाले जंगली हाथी कभी भी रिहायशी क्षेत्र में पहुंचकर जमकर उत्पात मचाते हुए वापस जंगलों में लौट जाते हैं। इसी बीच रायगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले



जुनवानी गांव में बीती देर रात तकरीबन 3 बजे एक नर हाथी ने गांव में दस्तक दी और फिर भोजन की तलाश में एक.एक करके तीन घरों को तोड़ दिया है। जंगली हाथी ने जिनके मकानों को तोडा उनमें बसंत मालाकार, हरिहर मैत्री, शांति बाई यादव के अलावा महावीर साहू के मकान को तोड़ा है। इस घटना में घर में सो रही शांति बाई यादव के पैर में चोट लगने की वजह से मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि गुरूवार की देर रात बंगुरसिया की तरफ से भटकते हुए एक नर हाथी गांव पहुंचा था और फिर उसके घर घर तोड़े जाने के बाद गांव के ग्रामीणों में भय का माहौल निर्मित हो गया था लोग अपनी जान बचाने भागते नजर आये। जंगली हाथी ने यहां सरसो और आलू की फसल को भी नुकसान पहुंचाया है।

## मासूम के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

**रायगढ।** दुर्गा पूजन के दौरान से नाबालिग का अपहरण कर हत्या करने के करीब साढ़े पांच साल पुराने मामले में सेशन कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उम्र कैद और जुर्माने से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार मामला संक्षेप में इस प्रकार है कि नारायण डनसेना ने लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया



था कि वह खरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम आमापाली का रहने वाला है। वे लोग तीन भाई है, जिसमें छोटा भाई का नाम अमृत लाल डनसेना है। उसका छोटा बेटा योग प्रकाश डनसेना 8 साल जो कि कक्षा चैथी में पढ़ रहा था। 14 अक्टूबर 2018 की शाम वह परिजनों के साथ दुर्गा पंडाल गया हुआ था। जिसके बाद योगप्रकाश व उसका भाई अमृतलाल पंडाल के पास रूक गए और बाकी लोग घर चले गए। इसी बीच शाम करीब पौने आठ बजे उनके घर के मोबाईल फोन पर एक व्यक्ति ने फोन पर कहा कि तुम्हारा बेटा मेरे कब्जे में और फिरौती के रूप में 25 हजार रूपये की मांग की गई। तब उन्होंने उसे मजाक समझकर टाल दिया था परंतु जब उसका भाई अमृतलाल घर पहुंचा तब उससे योगप्रकाश के संबंध में पूछताछ की गई तो तब उसने जानकारी नही होना बताया।

## कलेक्टर बंगले के रसोइए पर चाकू से हमला

**रायगढ़।** कलेक्टर बंगले में काम करने वाले रसोइए पर एक अज्ञात युवक ने उस वक्त चाकू से हमला कर दिया जब वह घूमने के लिए स्कूटी से निकला था और आरोपी ने लिफ्ट लिया और कुछ दूर वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल युवक घायल है, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गोपाल दास महंत पिता सुकृत दास महंत निवासी हरदीझरिया भूपदेवपुर वर्तमान में सिंधी कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर कलेक्टर बंगले में रसोइया है। बीते रात को वह घूमने के लिए स्कूटी लेकर निकला था। वह छातामुड़ा चौक तक गया और वहां से वापसी के लिए जब निकल ही रहा था। तब एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे लिफ्ट लिया और जूटमिल थाना से पहले कबीर चौक के पास उतर गया। इसके साथ ही उस अज्ञात युवक ने गोपाल से शराब पीने के लिए पैसे मांगे। जब गोपाल ने पैसे देने से इनकार कर दिया तो उसने अपने पास रखे चाकू से उस पर हमला कर दिया। ऐसे में गोपाल वहां से किसी तरह जान बचाकर निकल आया, किंतु वह घायल हो गया। सूचना मिलने पर उसे संजीवनी में भर्ती कराया गया था, जहां से उसे जिला अस्पताल लाया गया। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है।

कार्रवाई के कुछ दिनों बाद फिर हो जाता है कब्जा

## अतिक्रमण हटाने निगम का चला डंडा, नहीं दिख रहा असर

**रायगढ़।** नगर निगम क्षेत्र में कई जगहों पर अतिक्रमण करते हुए ठेले खोमचे लगाकर व्यापार करने वालों की पिछले सालों में बाढ़ आ गई है, इन्हें हटाने के लिए निगम समय समय पर कार्रवाई करता जरूर है। किंतु इसका कोई असर होता नजर नहीं आ रहा है। जिन जगहों से अतिक्रमण हटाया जाता है, कुछ दिनों बाद वहां फिर से अतिक्रमण कर व्यापार किया जाता है।

गौरतलब है कि शहर में चक्रधर नगर, स्टेशन चौक, घड़ी चौक, गर्ल्स कॉलेज आदि अन्य कई जगहों पर सड़क किनारे ठेले खोमचे लगाकर व्यापार करते हैं। अहम बात यह है कि सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से ठेले खोमचों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, हर दिन नए ठेले खोमचे लग रहे हैं। जिसकी वजह से शहर के भीतर यातायात काफी हद तक बाधित हो रहा है। स्थिति यह है कि इनकी वजह की वजह से शाम को शहर के भीतर वाहन चलाना सबसे कठिन टास्क बन रहा है। बता दें कि स्टेशन रोड़ से लेकर एसपी कार्यालय और एसपी कार्यालय से लेकर सुभा चौक, इसी प्रकार चक्रधर नगर आदि क्षेत्रों में हर शाम लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है। ताज्जुब की बात तो यह है कि निगम समय समय पर इन पर



### सड़कों पर खड़ी होती है गाड़ियां

सड़क किनारे व्यापार करने किए गए अतिक्रमण से मजबूरन यहां आने वाले लोगों को सड़क पर ही गाड़ियां खड़ी करनी पड़ जाती हैं, जो यातायात बाधित होने और जाम की स्थिति निर्मित होने की मुख्य वजह है।

कार्रवाई कर इन ठेले खोमचों से सड़कों में फैले अतिक्रमण को मुक्त करने अभियान चलाता है। किंतु इसका कुछ खास असर होता नजर नहीं आ रहा है। नो वेंडिंग जोन भी व्यापार शहर में कई जगहों को नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है ओर यहां व्यापार पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन इसके बाद भी शहर में कई जगहों पर नो वेंडिंग जोन के बोर्ड के समीप ही ठेले खोमचे डाल कर व्यापार किया जा रहा है। ऐसे में इन जगहों पर भी अक्सर जाम लगता है।

# जंगल में पानी और दावानल से बचाव के लिए योजनाओं का होगा



वन विभाग की समीक्षा बैठक में मौजूद कलेक्टर, सीईओ व अन्य अधिकारी।

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में वन विभाग, सहकारिता एवं अपेक्स बैंक की संयुक्त बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री गोयल ने आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर जंगलों में लगने वाले आग पर नियंत्रण पाने हेतु डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स से समन्वय करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वन विभाग द्वारा किए जाने वाले विभागीय फायर चेक लिस्ट का विभागीय अमले द्वारा सत्यापन कराने के निर्देश दिए। ताकि आग लगने की स्थिति में आसानी से काबू किया जा सके। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत उपस्थित रहे। डीएफओ धरमजयगढ़ ने कलेक्टर श्री गोयल को पालन प्रतिवेदन के तहत जानकारी देते हुए बताया कि धरमजयगढ़ में मछली पालन हेतु समिति का चयन किया गया है लेकिन वहां तालाब नहीं है। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने मनरेगा के तहत तालाब निर्माण हेतु आवश्यक कार्य योजना बनाने की निर्देश दिए ताकि बिरहोर एवं आदर्श ग्राम के समितियां द्वारा मछली पालन का कार्य किया जा सके।

इस दौरान उन्होंने नरवा विकास कार्य प्रगति की जानकारी दी। कलेक्टर श्री गोयल ने नरवा विकास के शेष कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने किसान वृक्ष मित्र योजना में अन्य विभागों से चिन्हांकित बड़े किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। डीएफओ धरमजयगढ़ ने बताया कि कैम्पा योजना अंतर्गत सड़क किनारे, नदी किनारे, ब्लॉक में वृक्षारोपण के लिए परिक्षेत्र अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर स्थल का सर्वे कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार योजना अंतर्गत नर्सरी में पौधे तैयार किए जा रहे हैं। साथ ही वन अपराध एवं अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण हेतु क्रेता की नियुक्त हो चुकी हैं। तेंदूपता संग्रहण हेतु शाखाकर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था, जिसे बेहतर क्वालिटी के तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जा सके।

### पृष्ठ 1 का शेष

**12 मार्च को किसानों ...**

इस दौरान पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, पूर्व विधायक भरत साय, पद्मश्री जोगेश्वर यादव, रोहित साय, विजय आदित्य सिंह जूदेव सहित समाज के तीन राज्य छत्तीसगढ़, झारखंड एवं उड़ीसा के प्रदेश अध्यक्ष, गिरी गोवर्धन धाम समिति अध्यक्ष लोचन प्रसाद यादव, जिलाध्यक्ष गणेश यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**महिला दिवस पर...**

दिए जाए। हमारे द्वारा अटलबिहारी बाजपेई के जन्मदिन के अवसर पर सुशासन दिवस पर किसानों का 2 साल का बोनस दिया गया है। जल्द ही किसानों की बकाया राशि उनको दी जाएगी।

**घरेलू हिंसा से ...**

फरसाबहार की सुपरवाइजर के द्वारा अपने विभाग से मिलने वाली योजना के बारे में विस्ताररूप से जानकारी दिए एवं सरपंच के द्वारा वहां उपस्थित सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी महिलाएं मिलकर और लोगों को जानकारी देकर सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करेंगे।

**आत्म निर्भर बनने ...**

झरना विकास संस्था संचालिका सिस्टर एनी के द्वारा संस्था का संक्षिप्त परिचय देते हुए संस्था द्वारा किए जाने वाले कार्यों को अवगत कराया तथा संविधान में महिला और पुरुष में समानता के अधिकार को व्यक्त करते हुए आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। तत्पश्चात महिला प्रकोष्ठ जशपुर के अधिकारी प्रसन्न व श्रम विभाग जशपुर के अधिकारी जीडी प्रसाद ने अपने विभाग के कल्याण कारी योजनाओ को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। कार्यशाला से प्रभावित होकर उपस्थित महिलाओं ने श्रम विभाग में पंजीयन कराने और योजनाओं का लाभ लेकर आत्म निर्भर बनने का निर्णय लिया। किसी भी तरह से महिलाओं के साथ अपराध होने पर अभिव्यक्ति ऐप का मदद लेकर न्याय लेंगे और लोगों भी न्याय दिलाएंगे। साइबर क्राइम होने पर जिला स्तरीय साइबर टीम से सम्पर्क करके सहायता लेंगे।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया
डायरेक्टर
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
को-डायरेक्टर
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 22 मई 2024, 13 मई से 26 मई 2024,
17 मई से 30 मई 2024, 24 मई से 06 जून 2024
28 मई से 10 जून 2024, 01 जून से 14 जून 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411